MR. DEPUTY CHAIRMAN: Your time is over. ...(*Interruptions*)... तीन मिनट के बाद रिकॉर्ड में कुछ नहीं आएगा। मैं क्या करूं? ...**(व्यवधान)**...

SHRI D. RAJA (Tamil Nadu): Sir, I associate myself with what the hon. Member has said.

**Need for proper implementation of Adarsh Gram Yojana**

**श्री मधुसूदन मिस्त्री** (गुजरात): सर, जो बहुत ही ढोल नगाड़े पीटकर इस योजना को सरकार ने एनाउंस किया था, उस आदर्श ग्राम योजना की तरफ मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। वैसे वह मॉडल है गुजरात का कि जिसके अंदर चीफ मिनिस्टर थोड़े गांव पसंद करते हैं और उसमें सब योजनाएं शुरू होती हैं। इसमें बहुत ही पिछड़े गांव सेलेक्ट किए जाते हैं, उसी हिसाब से आदर्श ग्राम योजना के गांव की जो योजना है, वह भी उसी तरह से आएगी। मैं इनीशिअली रिलक्टेंट था क्योंकि मैं जानता था कि गुजरात के अंदर, इन गांवों के अंदर कोई भी काम हुआ नहीं है। लेकिन छः महीने तक बहुत इंसिस्ट करने के बाद मैंने एक गांव चुना, इडर तालुका के अंदर सांबरकाठा डिस्ट्रिक्ट में जो मेरी पुरानी कंस्टीट्यूंसी थी। सर, यह सिर्फ साढ़े सात हजार लोगों का गांव है, जो ओबीसी का गांव है। उसमें गरीबी बहुत हैं। मैंने तीन बार उस गांव में मुलाकात ली, एक या दो प्रोगाम यूनिवर्सिटी के उसके अंदर हुए। मैंने 30 काम लिखकर गुजरात सरकार को दिए कि ये काम इस गांव के अंदर चालू करवाने चाहिए। आज डेढ़ साल का समय हो गया। पहली में हमारे गुजरात राज्य का स्थापना दिन था तो 30 अप्रैल को मैंने इस गांव की मुलाकात ली। सर, आदर्श गांव के अंदर क्या स्थिति है और एडमिनिस्ट्रेशन इसके ऊपर कितना इनसेंसिटिव है, उसके ऊपर मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। पीने का पानी भी एक हफ्ते के बाद आता है। MGNREGA के अंदर 178 रूपए रोज होने के बावजूद भी गांव के अंदर 130, 140 रूपए रूपये रोज मिलते हैं। 50 परसेंट से कम लोगों के आधार कार्ड निकाले गए, जनधन योजना के जो एकांउट हैं, वे वैसे ही पड़े हुए हैं। उसके अंदर कोई ट्रांजेक्शन हुआ नहीं है। रास्ते की भी उधर प्रॉब्लम है। अनाज की जो हमारी सुरक्षा योजना थी, वह तीन साल के बाद सुप्रीम कोर्ट की लताड़ लगाने के बाद गुजरात सरकार ने चालू की। एक फैमिली को 30 किलो के बजाए 17 किलो अनाज दिया, बाकी लोगों को अनाज की कोई व्यवस्था नहीं है। ज्यादातर अनाज वगैरह ब्लैक के अंदर चला जाता है। आज वह हालत है इस गांव के अंदर, जिसको हमने सेलेक्ट किया था, या तो वह डेलिबरेटली इसको नेगलेक्ट कर रही है, क्योंकि हम कांग्रेस पार्टी से राज्य सभा के सदस्य हैं। भारतीय जनता पार्टी के जो एमपी होंगे उनके जो आदर्श ग्राम होंगे, उनके अंदर गुजरात सरकार काम करती होगी और हमारे इस गांव को नेगलेक्ट किया गया होगा। जो भी रीजन हैं, मैंने कलक्टर को फोन किया, सप्लाई ऑफिसर को फोन किया। तो बोले कि साहब, हम इसका ध्यान रखेंगे। सिर्फ 50 परसेंट टॉयलेट उसके अंदर बनाए इल्लीट्रेसी के अंदर वैसे तो वहां 100 परसेंट है। अगर यह स्थिति है तो आज भी वहां गरीबी है। सर, हम गुजरात के 37 एमपीज हैं। 5 करोड़ के 15-16 काम देने के बावजूद अभी तक एक भी पैसा केंद्र की सरकार ने एमपी लैड का दिया नहीं है। सर, गुजरात के 37 एमपीज हैं, जिनके द्वारा वित्त वर्ष 2015-16 में एमपी लैड के तहत 5 करोड़ रूपए के काम का प्रस्ताव देने के बावजूद अभी तक केंद्र की सरकार ने एमपी लैड का एक भी पैसा नहीं दिया है। किसी भी एमपी का पैसा नहीं आया है। ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Your time is over. ...(*Interruptions*)... Timeover. ...(*Interruptions*)... Time-over. ...(*Interruptions*)...

**श्री प्रमोद तिवारी** (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं स्वयं को इस विषय के साथ संबद्ध करता हूं।

**श्री नीरज शेखर** (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं भी स्वयं को इस विषय के साथ संबद्ध करता हूं।

**श्री पी. एल. पुनिया** (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं भी स्वयं को इस विषय के साथ संबद्ध करता हूं।

**श्री आलोक तिवारी** (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं भी स्वयं को इस विषय के साथ संबद्ध करता हूं।

**श्री जावेद अली खान** (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं भी स्वयं को इस विषय के साथ संबद्ध करता हूं।

† **جناب جاوید علی خان (اتر پردش)** : مہودے، میں بھی خود کو اس موضوع کے ساتھ سمبدّ کرتا ہوں۔

**श्री भुवनेश्वर कालिता** (असम): महोदय, मैं भी स्वयं को इस विषय के साथ संबद्ध करता हूं।

**श्री विशम्भर प्रसाद निषाद** (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं भी स्वयं को इस विषय के साथ संबद्ध करता हूं।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri Sanjay Raut. ...(*Interruptions*)... Shri Sanjay Raut. ...(*Interruptions*)... Your time is over. ...(*Interruptions*)... Nothing will go on record. Only what Sanjay Raut says will go on record. ...(*Interruptions*)... Mr. Raut, you stand up. Only what you say will go on record. ...(*Interruptions*)...

### Situation arising out of decision to demolish Adarsh Cooperative Housing Society

**श्री संजय राउत** (महाराष्ट्र): सर, मैं सदन का ध्यान ऐसे विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूं **...(व्यवधान)...**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, it's not going on record. ...(*Interruptions*)... Please sit down. ...(*Interruptions*)...

**श्री संजय राउत:** वह विषय कड़वा है। **...(व्यवधान)...**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Don't encroach upon his time. ...(*Interruptions*)... I called Shri Sanjay Raut. ...(*Interruptions*)... Please sit down. ...(*Interruptions*)...

**श्री संजय राउत:** सर, इस विषय पर हम लोगों को सोचने की जरूरत है। **...(व्यवधान)...**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please allow him to have his say. It is his right. ...(*Interruptions*)... Shri Sanjay Raut, please. ...(*Interruptions*)...

---

† Transliteration in Urdu script.